# BHARTIYA भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास, बहरोड–अलवर

## सत्र 2017–2018

IQAC /2017-18/MEETING-I

### आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रथम बैठक दिनांक 5 जून 2017:–

दिनॉक 05 जून 2017 को भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सत्र 2017–18 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| क्रस. | सदस्यों के नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. सन्तोष कुमार त्रिपाठी | प्राचार्य |
| 2. | श्रीमती मंजु | विभागाध्यक्ष |
| 3. | श्री अशोक कुमार | विभागाध्यक्ष |
| 4. | श्रीमती सरोज यादव | कोर्स प्रभारी |
| 5. | श्री योगेश आत्रेय | चेयरमैन |
| 6. | श्री रघुवीर सिंह | वरिष्ठशिक्षाविद् |
| 7. | श्री रोहिताश यादव | वरिष्ठ अधिवक्ता |
| 8. | श्री पवन कुमार | पूर्व छात्र प्रतिनिधि |
| 9. | श्री अंकित कुमार | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |
| 10. | सुश्री अनिता यादव | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |

### आन्तरिकगुणवत्ताआश्वासन प्रकोष्ठ प्रथम बैठक 5 जून 2017 :–

दिनांक 05 जून 2017 को भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास, बहरोड़ अलवर के प्रांगण में सत्र 2017–18 के लिए आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2017–18 के लिए निम्न बिन्दुओं पर आयोजना प्रस्तुत की गई।

### बैठक में प्रस्तावितविषयोंका विवरण :–

1. सत्र 2016–17 की समस्त गतिविधियों की समीक्षा करना एवं आवश्यक शेष रहे विशेष कार्यों की रूप रेखा बनाना।
2. माह जून 2017 में आगामी सत्र के लिए स्टाफ बैठकों काआयोजनकरना।
3. जून माह में आगामी सत्र 2017–18 के लिए सत्रीयशैक्षणिक कलेण्डर की सम्पूर्ण रूपरेखा का निर्माण करना।
4. आगामी माह में होने वाले प्रवेश कार्य के लिए समिति का गठन करना।
5. सत्र 2017–18 के लिए विभिन्न समितियों के गठन की रूपरेखा तैयार करना।
6. सत्र 2017–18 के लिए जुलाई 2017 से समय विभाग चक्र का निर्माण करना।
7. सत्र की वार्षिक पंचाग कार्य योजना का निर्माण करवाना।
8. समन्वयक, PTET, PSSTएवं Pre D.El.Edके निर्देशानुसार प्रवेश कार्यक्रम की रूपरेखा बनाना।
9. भवन में कक्षा–कक्षो के फर्नीचर की जॉच कर कमि पूर्ति हेतु मांग पत्र तैयार करना।
10. पुस्तकालय में पुस्तकों के रखरखाव की जॉच करने एवं नये सत्र के लिए आवश्यक पुस्तकों एवं अन्य मैग्जीन आदि का ब्यौरा तैयार करने की रूपरेखा बनाना।

11. कम्प्यूटरलैब, विज्ञान प्रयोगशाला का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपकरणों की मरम्मत करवाना अथवा नये उपकरणों की मांग पत्र तैयार करवाना।
12. छात्रों एवं छात्राओं की सुविधाओं की स्थिति का आंकलन करवाना।सत्र 2017–18 में संस्थान की चारों तरफ की चार दीवारी का निर्माण व सुधार कार्य करवाना।
13. 50 लाख लीटर वर्षा जल क्षमता संग्रहण टैंक के निर्माण के लिए संस्थान मैनेजमेंट कमेटी के समक्ष प्रस्ताव रखना।
14. जल संग्रहण टैंक में संस्थान के समस्त भवन की छतों एवं ग्राउण्ड के पानी को पाईप लाईन के माध्यम से जुड़वाने की रूपरेखा तैयार करवाना।
15. संस्थान में बिजली की समस्या को ध्यान में रखते हुए 10 किलोवाट के सोलर प्लांट लगवाने का प्रस्ताव प्रस्तुत करना।
16. संस्थान के बाथरूमों तथा शौचालयों से निकलने वाले पानी का सीवरेज लाईन के माध्यम से भूमि में पुनः प्रवेश की रूपरेखा बनाना।
17. सत्र 2017–18 में ही अवकाश के दिनों में सम्पूर्ण भवन को मरम्मत एवं पेंट करवाना।
18. विद्यार्थियों में शारीरिक विकास करने के लिए इनडोर एवं आउटडोर खेलो के लिए ग्राउण्ड तैयार करवाना।
19. जुलाई माह मे प्रवेश समारोह , स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम हेतु रूपरेखा का निर्माण करना।
20. अगस्त माह में स्वतंन्त्रता दिवस समारोह के आयोजन हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करवाना।
21. 3 माह में आयोजित होने वाले उत्सवों की रूपरेखा तैयार करवाना।
22. समस्त समितियों का गठन कर उनके बीच कार्यो का विभाजन करना।
23. पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक सेमिनार सत्र के प्रथम तिमाही में करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया।

(signature)

प्राचार्य
भारतीय प्रशिक्षण संस्थान
बिजोरावास (बहरोड) अलवर

# भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास, बहरोड–अलवर

## सत्र 2017–2018

IQAC /2017-18/MEETING-II

### आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वितीय बैठक दिनांक 4 सितम्बर 2017 :–

दिनॉक 04सितम्बर 2017 को भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सत्र 2017–18 की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| क्रस. | सदस्यों के नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. सन्तोष कुमार त्रिपाठी | प्राचार्य |
| 2. | श्रीमती मंजु | विभागाध्यक्ष |
| 3. | श्री अशोक कुमार | विभागाध्यक्ष |
| 4. | श्रीमती सरोज यादव | कोर्स प्रभारी |
| 5. | श्री योगेश आत्रेय | चेयरमैन |
| 6. | श्री रघुवीर सिंह | वरिष्ठशिक्षाविद् |
| 7. | श्री रोहिताश यादव | वरिष्ठ अधिवक्ता |
| 8. | श्री पवन कुमार | पूर्व छात्र प्रतिनिधि |
| 9. | श्री अंकित कुमार | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |
| 10. | सुश्री अनिता यादव | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |

| योजना | योजना क्रियान्वयन |
|---|---|
| 1. समय विभाग चक्र के अनुसार तृतीय इकाई शिक्षण कार्य सितम्बर माह में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया ओर उक्त क्रिया के बाद सूक्ष्म शिक्षण पर विशेषज्ञों द्वारा कौशल परिचय कार्यक्रम रखा जायें। समस्त अध्यापक सूक्ष्म शिक्षण हेतु अपनी अपनी विषयों से सम्बधित शिक्षण कौशल पर मॉडल पाठ योजना निर्मित कर विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य हेतु प्रोत्साहित करे एवं आगामी नवम्बर2017 तक सूक्ष्म शिक्षण गतिविधयॉ पूर्ण हो तत्पश्चात्य 15 दिवस सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम 05.12.2017 से 20.12.2017 तक सम्पन्न करवाया जाये। | 1. सत्र 2017–18 के लिए कुल 18 समितियों का गठन कर समिति कार्यकारणी का प्रारूप प्रस्तुत किया गया। |
| 2. नवम्बर माह में सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास के दौरान समस्त शिक्षक अपना शिक्षण कौशल पाठ योजना विषयवार विद्यार्थियों के साथ साझा कर विद्यार्थियों की सम्प्रेषण क्षमता का विकास करे। | 2. जुलाई प्रथम सप्ताह से प्रवेश प्रारम्भ हुए जिसमें 08अगस्त से शिक्षा–शास्त्री, 01 जुलाई से बी.एड. एवं 05 जुलाई 2017 से बी.एस.टी.सी. का प्रवेश प्रारम्भ हुआ। |
| 3. नवम्बर में ही विषयवार विस्तृत पाठ योजना अभ्यास कार्य करवायें जाए एवं शिक्षण अधिगम प्रतिमान पर सेमिनार का आयोजन किया जाए जिसमे विद्यार्थियों को शिक्षण अभ्यास एवं शिक्षण अधिगम प्रतिमान की उपयोगिता का अभ्यास करवाया जाए। | 3. जुलाई प्रथम सप्ताह से ही समय विभाग चक्र तैयार कर आगामी सत्र की नियमित कक्षाऐं जुलाई तृतीय सप्ताह से प्रारम्भ हुई। |
| | 4. समय विभाग चक्र का निर्माण कर वार्षिक कार्य योजना का निर्माण भी पूर्ण हुआ। |
| | 5. सत्र 2017–18 के लिए पुस्तकालय हेतु पुस्तको की मांग पत्र का निर्माण कर श्रीमान चेयरमैन जी के समक्ष 600 पुस्तकें एवं मैग्जीन आदि का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत किया गया।विषयाध्यापकों द्वारा समस्त |

4. शनिवारीय गतिविधियां में अंतर सदनों के मध्य खेलो का आयोजन करवाया जाये।
5. क्रियात्मक शोध पर विषय विशेषज्ञों द्वारा नवम्बर अंतिम सप्ताह में सेमिनार अयोजित किया जाये।
6. प्रत्येक सप्ताह बुधवार को कम्प्यूटर प्रायोगिक एवं अन्य प्रायोगिक कक्षाऐं प्रारम्भ की जाये।
7. 14 नवम्बर बाल दिवस समारोह की रूपरेखा तैयार कर बाल दिवस आयोजन करने की जिम्मेदारी कार्यक्रम संयोजक श्रीमती मंजू को प्रदान की गई।
8. नवम्बर के अन्तिम सप्ताह टी.एल.एम. प्रर्दशनी का आयोजन किया जाये।
9. प्रत्येक सप्ताह बाल सभा में योग क्रियाओं एवं दैनिक दिनचर्या पर योग क्रियाओं के प्रभाव पर मुख्य वार्ता प्राचार्य एवं अन्य शिक्षको द्वारा बराबर दी जाए।
10. पुस्तकालय से गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को महाविद्यालय बुक बैंक का गठन कर निःशुल्क पुस्तकें देने का प्रस्ताव लिया गया।
11. शिक्षा में नवीन तकनीकी के उपयोग को महत्वपूर्ण मानते हुए संस्थान में प्रोजेक्टर विधि के माध्यम से शिक्षण के लिए रूपरेखा तैयार की जाये और सर्वेधन मण्डल के सामने दो प्रोजेक्टर की व्यवस्था करने के लिए योग पत्र प्रस्तुत करने की रूपरेखा तैयार की गई।

प्रयोगशालाओ का निरीक्षण कार्य पूर्ण हुआ एवं आवश्यक उपयोगी प्रायोगिक सामग्री की सूची तैयार की गई जिसमें रसायन विज्ञान के प्रायोगिक उपकरण भौतिक विज्ञान के कुछ उपकरण तथा भूगोल प्रयोगशाला के लिए आवश्यक सामग्री का मांग पत्र प्रस्तुत किया गया।

6. 07 अगस्त को प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें समस्त नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए हाउस विभाजन विवरण प्रस्तुत किया गया। सम्पूर्ण कोर्स में से बी.एड. में चार हाउस, शिक्षा–शास्त्री में दो हाउस एवं बी.एस.टी.सी में एक हाउस का निर्माण किया गया। इन्टीप्रेटिड के लिए 2 हाउस का निर्माण किया गया।
7. संस्थान में छात्र–छात्राओं के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का निर्माण किया गया। जिसमें महाविद्यालय से संबंधित शिकायतों का निवारण सप्ताह में में करने की व्यवस्था की गई तथा गठित समितियों की समीक्षा की गई जिसमें अनुशासन समिति एवं एन्टी रेगिंग समिति , महिला उत्पीडन, यौन शोषण समितियों के प्रभारियों को अधिक सक्रिय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।
8. 08 अगस्त 2017 को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान में 200 पौधारोपण किया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई।
9. प्रथम बैठक में 50 लाख लीटर वर्षा जल संग्रहण टैंक के प्रस्ताव का स्वीकृति दी गई तथा समस्त प्रांगण के पानी को टैंक से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई जो कि एक वर्ष के अंदर सम्पूर्ण कार्य सम्पन्न करना निर्धारित किया गया।
10. बिजली की समस्या को गौर करने के लिए 10 किलोवाट के सोलर प्लाट लगवाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

बाथरूम तथा शौचालयों के पानी के लिए कार्य योजना का नक्शा बनवाने की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ करने का प्रस्ताव पारित किया गया तथा विषय विशेषज्ञों से 2 सेमीनार आयोजित करवाने के लिए रूपरेखा बनायी गयी।

प्राचार्य
भारतीय प्रशिक्षण संस्थान
बिजोरावास (बहरोड) अलवर

BHARTIYA **भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास, बहरोड–अलवर**

## सत्र 2017–2018

IQAC /2017-18/MEETING-III

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तृतीय बैठक दिनांक 6 दिसम्बर 2017 :–

**दिनॉक 06दिसम्बर 2017 को भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सत्र 2017–18 की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।**

| क्रस. | सदस्यों के नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. सन्तोष कुमार त्रिपाठी | प्राचार्य |
| 2. | श्रीमती मंजु | विभागाध्यक्ष |
| 3. | श्री अशोक कुमार | विभागाध्यक्ष |
| 4. | श्रीमती सरोज यादव | कोर्स प्रभारी |
| 5. | श्री योगेश आत्रेय | चेयरमैन |
| 6. | श्री रघुवीर सिंह | वरिष्ठशिक्षाविद् |
| 7. | श्री रोहिताश यादव | वरिष्ठ अधिवक्ता |
| 8. | श्री पवन कुमार | पूर्व छात्र प्रतिनिधि |
| 9. | श्री अंकित कुमार | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |
| 10. | सुश्री अनिता यादव | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |

| योजना | योजना क्रियान्वयन |
|---|---|
| 1. दिसम्बर 2017 के तृतीय सप्ताह तक सूक्ष्म शिक्षण कार्य समाप्त कर 21 दिसम्बर 2017 से समस्त विषय अध्यापक अपने – अपने शिक्षण विषयों पर विषयवार वृहद पाठ योजना की रुप रेखा निर्मित विद्यार्थियों के साथ साझा करे।<br>2. फरवरी 2018 में समस्त विषयों का सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पूर्ण कराने की कार्य योजना का निर्माण किया गया।<br>3. फरवरी 2018 द्वितीय सप्ताह से आन्तरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा कराने एवं पाठ सहगामी क्रियाओ के अर्न्तगत Assignment निर्मित करवाने का समय चक्र तैयार किया जाऐ ।<br>4. समस्त विभागो के सम्बद्वता अभिवृद्वि के आवेदन दिसम्बर से मार्च की तिमाही में भरे जाते है। जिसमें प्राचार्य को यह प्राथमिक जिम्मेदारी दी गई कि संस्थान चेयरमैन एवं प्रबन्धन समिति के साथ समन्वय बनाकर यह कार्य समय पर | 1. सितम्बर 2017 के लिए निर्धारित शिक्षण इकाई – तृतीय समय पर पूर्ण की गई एवं सितम्बर माह में Micro teachingकी सैद्धान्तिक कक्षाओं का आयोजन किया गया एवं अक्टूम्बर माह में सूक्ष्म अभ्यास कार्यक्रम कक्षावार से प्रारम्भ होकर समस्त विभागो में क्रमशः दिसम्बर माह अंतिम सप्ताह की रूपरेखा पर कार्य हुआ।<br>2. अक्टूबर शनिवारीय गतिविधियों के तहत खों – खों प्रतियोगिता अन्तर हाऊस का आयोजन करवाया गया ओर प्रतियोगिता में विजेता B.Ed. Ist Yearके विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया ।<br>3. सूक्ष्म शिक्षण के दौरान विषय अध्यापको द्वारा अपने – अपने विषयों पर सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना विषयवार निर्मित कर साझा किया गया ।<br>4. 15.11.2017 को क्रियात्मक शोध का शिक्षक प्रशिक्षण में महत्व विषय पर |

पूर्ण किया किया जाना सुनिश्चित करें।

5. दिसम्बर से फरवरी तिमाही में समय विभागचक्र में प्रायेगिक कक्षाओं का आयोजन किया जाना सूनिश्चित करे ओर प्रायोगिक डायरी निर्माण एवं लैब में विद्यार्थियों को प्रायोगिक गतिविधियों को पूर्ण करने की कार्ययोजना का निर्माण किया जाना सूनिश्चित करे।
6. मार्च के प्रथम सप्ताह में आन्तरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा एवं प्रायोगिक रिकोर्ड जैसे Assignment, Lesson Plan Dairy,Sessional Workको पूर्ण करवा कर जमा करे। कक्षा प्रभारी एवं परीक्षा प्रभारी उक्त प्राचार्य से चर्चा कर उक्त कार्य को पूर्ण करें ।
7. वर्षा जल संग्रहण टैंक निर्माण कार्य की पूर्णता एवं मजबूती से संबंधित समस्त पक्षों पर नक्शा नवीश से चर्चा कर निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने हेतु तथा वित्तीय व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार किया जावे जिसे संस्थान मैनेजमेंट कमेटी से स्वीकृत करवाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए रूपरेखा तैयार की जाये।
8. पुस्तकालय मे पुस्तको के रखरखाव एवं पुस्तकालय में पुस्तके मैगजीन, आदि की आवश्यकता मार्च 2018 में उपलब्ध करवाई जाए।
9. IQACकी उक्त मीटिंग मे ही वित्तीय स्थितियों की समीक्षा भी की जाऐगी जिसमें महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की शेष बकाया शुल्क आदि की जॉच कर प्रभारियो को निर्देशित किया गया कि एक सूची तैयार कर प्राचार्य एवं चेयरमैंन सर के संज्ञान में रखी जाए।
10. महाविद्यालय के मरम्मत से संबंधित कार्यो एवं रंग पेंट कार्यपूर्णता की समीक्षा के निर्देश दिये गये।
11. समस्त विभागों में 15.02.2018 से 17.02. 2018 तक एस.यू.पी.डब्लू कैम्प करवाने की रूपरेखा तैयार की जाये।

सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य द्वारा विशेषज्ञों की सेमिनार रूपरेखा का निर्धारण करवाकर उपयोगी सेमीनार आयोजित किया गया।

5. 11एवं 25 अक्टूबर 2017 को कम्प्यूटर लैब में सूचना तकनीकि के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई ओर अध्ययनरत सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को कम्पयूटर ICTके विषय पर प्रायोगिक कार्य कराने पर चर्चा की गई ।
6. 28.10.2017 एवं 04.11.2017 को योग शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें योगाचार्य द्वारा योग क्रियाओं का अभ्यास तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाली योग क्रियाओं के प्रभाव का व्याख्यान किया गया। पुस्तकालय समय उपयोग एवं नवाचार पर 25 नवम्बर 2017 को इसकी महत्ता पर चर्चा की गई जिसमें समस्त विद्यार्थियों को पुस्तकालय का उपयोग Break Timeमें बैठकर करने के लिए प्रेरित किया गया।
7. सोलर प्लान्ट लगवाने के लिए बिजली विभाग से सामंजस्य बैठाकर कार्य को गति देने के निर्देश दिये गये।

प्राचार्य
भारतीय प्रशिक्षण संस्थान
बिजोरावास (बहरोड) अलवर

BHARTIYA

# भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास, बहरोड–अलवर

## सत्र 2017–2018

IQAC /2017-18/MEETING-IV

## आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ चतुर्थ बैठक दिनांक 05 मार्च 2018 :–

दिनाँक 05मार्च 2018 को भारतीय प्रशिक्षण संस्थान बिजोरावास के आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सत्र 2017–18 की चतुर्थ बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| क्रस. | सदस्यों के नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. सन्तोष कुमार त्रिपाठी | प्राचार्य |
| 2. | श्रीमती मंजु | विभागाध्यक्ष |
| 3. | श्री अशोक कुमार | विभागाध्यक्ष |
| 4. | श्रीमती सरोज यादव | कोर्स प्रभारी |
| 5. | श्री योगेश आत्रेय | चेयरमैन |
| 6. | श्री रघुवीर सिंह | वरिष्ठशिक्षाविद् |
| 7. | श्री रोहिताश यादव | वरिष्ठ अधिवक्ता |
| 8. | श्री पवन कुमार | पूर्व छात्र प्रतिनिधि |
| 9. | श्री अंकित कुमार | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |
| 10. | सुश्री अनिता यादव | वर्तमान छात्र प्रतिनिधि |

### योजना

1. मार्च 2018 में प्रमुख रुप से प्रायोगिक क्रियाओं का अभ्यास पाठयोजना, सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण करने हेतु एक कार्यशाला,SUPWकैम्प का आयोजन कराने जैसी क्रियाओं की रूपरेखा तैयार की गई।
   - ➢ 30मार्च राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन बडी धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई।
2. अप्रेल माह मे शिक्षा शास्त्री की सैद्धांतिक कक्षाओं का परीक्षा अवकाश के साथ पूर्ण करने की कार्य योजना का निर्माण किया गया।
   - ➢ B.Ed. एवंD.El .Edकी सैद्धांतिक कक्षाऐं नियमित लगाकर सैद्धांतिक क्रियाऐं पूर्ण करवाई जाने हेतु एक कार्य योजना तैयार की गई हैं ।
   - ➢ 14अप्रेल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जयन्ती समारोह मनाने की कार्य योजना बनाई गई।
3. अप्रेल 2018 में कक्षा शिक्षण एवं शैक्षिक

### योजना क्रियान्वयन

1. सूक्ष्म शिक्षण अभ्यास कार्य का समापन 20 दिसम्बर से पूर्व ही समय पर पूर्ण किया गया एवं 25 दिसम्बर से पूर्व वृहद् शिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं । 06 दिसम्बर 2017 तक सैद्धांतिक कक्षाओं में 90%पाठ्यक्रम पूर्ण हुआ हैं।
2. जनवरी माह में पाठ योजना अभ्यास कार्यक्रम जो कि 8 से 20 जनवरी तक आयोजित कराया गया ओर अन्त में 27 जनवरी को समालोचनात्मक पाठ योजना का अभ्यास पूर्ण करवाया गया।
3. फरवरी के पखवाडा में द्वितीय चरण कर पाठ योजना की अभ्यास तथा Assignment Work Preprationएवं आन्तरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा के लिए समय विभाग चक्र बनाया गया । 16.2.2018 से28.02.2018 तक आन्तरिक मूल्यांकन लिखित परीक्षा आयोजित कराई गई।
4. मार्च के प्रथम सप्ताह तक निर्धारित समस्त गतिविधियाँ समय अनुसार पूर्ण हुई एवं

Scan with your smartphone. Visit us at www.classmatestationery.com

| | |
|---|---|
| उद्देश्यों पर एक कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित हैं जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक शिक्षण कराकर शिक्षा शास्त्री का सत्र समाप्ति करने की कार्य योजना बनाई।<br>4. मई 2013 में B.Ed. एवं D.El .Edकी कक्षाओ में सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पूर्ण होना निर्धारित हैं । पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं आनन्दायी शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित करना भी प्रस्तावित है और कम्प्यूटर प्रायोगिक क्रिया पर कार्यशाला आयोजित की जाए एवं 7 मई रविन्द्र नाथ टैगोर जयन्ती समारोह को मनाने की योजना बनाई गई ओर प्रभारी को निर्देशित किया गया। | भवन रख–रखाव एव सम्बद्धता अभिवृद्धि सम्बंधित समस्त कार्य योजना को कर लिया गया । |

प्राचार्य
भारतीय प्रशिक्षण संस्थान
बिजोरावास (बहरोड) अलवर